त्रैमासिक परीक्षा

कक्षा – दसवीं

विषय– हिन्दी

समय– 3 घंटे

पूर्णांक – 50

नोट– सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है। प्र.क्र. 1 में 5 अंक हैं। प्र.क्र. 2 से 5 तक 1–1 अंक हैं। प्र.क्र. 6 से 12 में 2 अंक हैं, प्र.क्र. 13 से 17 में 4–4 अंक हैं एवं प्र.क्र. 18 में 7 अंक हैं।

प्रश्न 1. अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए –

1) हठीली शब्द प्रयुक्त है–
अ) सरसों के लिए ब) अलसी के लिए
स) चना के लिए द) अरहर के लिए

2) माई की बगिया तपोभूमि है–
अ) पुलत्स्य ऋषि की ब) कपिल ऋषि की
स) विश्वामित्र ऋषि की द) मार्कण्डेय ऋषि की

3) कौन–सी बीमारी का इलाज डॉक्टरों के पास नहीं होता –
अ) कॉलरा ब) टैक्स स) पीलिया द) मलेरिया

4) मिट्टी से कलाकृतियाँ बनाना है –
अ) मृण शिल्प ब) हस्त शिल्प स) काष्ठ शिल्प द) ताम्र शिल्प

5) कंधे डालना का अर्थ है –
अ) आत्मनिर्भर ब) कृतज्ञता स) पराजित होना द) ताकतवर

प्रश्न 2. घीसा पाठ किस विधा से लिया गया है ?

प्रश्न 3. अरुण किस प्रदेश का राजकुमार था ?

प्रश्न 4. वनवासियों का जीवन कैसा होता है ?

प्रश्न 5. जब जनता की भौंहें क्रोध में तन जाती है, तो क्या–क्या होता है ?

प्रश्न 6. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखते हुए अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए–
अ) भृकुटी चढ़ाना ब) आरती लिए ढूँढना

प्रश्न 7. निम्न शब्दों के विलोम शब्द लिखिए –
अ) तिमिर ब) सीमित

प्रश्न 8. माटी वाली के बिना टिहरी शहर के कई घरों में चूल्हों तक का जलना क्यों मुश्किल हो जाता था ? https://www.cgboardonline.com

प्रश्न 9. बच्चे साफ–सफाई का पाठ पढ़ने के बाद अगली कक्षा में किस प्रकार तैयार होकर आए थे ?

प्रश्न 10. कविता में एक माँ के द्वारा अपनी बेटी की जिस तरह की सीख दी गई है। वह वर्तमान में कितनी प्रासंगिक और औचित्यपूर्ण है ? समूह में विचार–विमर्श कर लिखिए।

प्रश्न 11. महादेवी वर्मा को अन्य विद्यार्थियों की अपेक्षा घीसा ही क्यों याद रहा ?

प्रश्न 12. विन्ध्य और सतपुड़ा को लेखक ने किस रुप में चित्रित किया है ?

प्रश्न 13. कोशल में आयोजित होने वाले उत्सव के परंपरागत नियम क्या थे ?

प्रश्न 14. मजदूरों के पारिवारिक जीवन का हाल कैसा होता है ? पाठ के आधार पर लिखिए ।

प्रश्न 15. निम्न गद्यांश का संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए :-

कंधे डाल दूँ तो गजब हो जाए, दुनियाँ लड़खड़ाकर गिर पड़े, जमाने का दौर बंद हो जाए । पर मैं कंधे नहीं डालता, न डालूंगा । मैंने निरंतर निर्माण किया है, विध्वंस न करूंगा यदि करना हुआ तो पुनर्निर्माण करूंगा जिसके लिए मुझे थकान महसूस नहीं होती, कभी अलकस नहीं लगती रोआँ रोआँ फड़कता रहता है ।

अथवा

बीमारियाँ बहुत देखी है – निमोनिया, कॉलरा, कैंसर, जिसने लोग मरते हैं मगर यह टैक्स की कैसी बीमारी है जिससे वे मर रहे हैं । वे पूरी तरह से स्वस्थ और प्रसन्न थे । तो क्या इस बीमारी में मजा आता है ? यह अच्छी लगती है जिससे बीमार तगड़ा हो जाता है । https://www.cgboardonline.com

प्रश्न 16. निम्नलिखित पद्यांश के संदर्भ, प्रसंग व्याख्या व विशेष लिखिए :-

देखा आया चंद्रगहना !
देखता हूँ दृश्य अब मैं
मेड़ पर इस खेत की बैठा अकेला ।
एक बीते के बराबर
यह हरा ठिंगना चना,
बाँधे मुरैठा शीश पर
छोटे गुलाबी फूल का,
सज कर खड़ा है ।
पास ही मिलकर उगी है
बीच में अलसी हठीली,
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नील फूले फूल को सिर पर चढ़ाकर
कह रही है, जो छुए यह
दूँ हृदय का दान उसको ।

प्रश्न 17. आपका नाम अतुल है । आप नगरपालिका भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) में रहते हैं । आप अपने क्षेत्र में फैली महामारी के रोकथाम हेतु नगर के स्वास्थ्य अधिकारी को एक पत्र लिखिए ।

अथवा परीक्षा अवधि में ध्वनि विस्तारक यन्त्र (लाउडस्पीकर) पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश धमतरी को एक–पत्र लिखिए ।

प्रश्न 18. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए–

अ) बेरोजगारी की समस्या एवं निदान
ब) विज्ञान के बढ़ते चरण
स) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन
द) स्वच्छता अभियान में छात्रों की भूमिका